Regarding mass displacement of Adivasi people from tiger reserves in the country-Laid

श्री राजकुमार रोत **(बांसवाड़ा) :** अभी देश भर में टाइगर प्रोजेक्ट से 5,50,000 आदिवासियों का विस्थापन हुआ है, जिसमें 2021 के बाद विस्थापन में 96.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है । विशेषकर कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य (1 लाख 60 हजार लोग), नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य (72,772 लोग), और रानीपुर टाइगर रिजर्व (45,000 लोग) के आंकड़े अधिक है । मुख्यतः इनमें कथित रूप से बिना सहमति के जबरन बेदखली, स्थानीय प्रशासन द्वारा धमकी व मनमानी गिरफ्तारियों की भारी रिपोर्ट है । साथ ही, 5670 आदिवासी परिवारों को वहां से जबरन हटाया गया हैं, जहां बाघ मौजूद ही नही है । अतः सरकार से अनुरोध है कि इस गंभीर विषय को नियम 377 के तहत सदन में रखने की अनुमति प्रदान करावें ।

____